# प्रभु हमको इजाजत दो तुमसे नजरे मिलाने की लिरिक्स

प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की,
तमन्ना है मेरी तुझको,
निगाहों में बसाने की,
प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

---

मिटा दो दूरियां सारी,
ना हमसे दूर यूँ बैठो,
मैं पापी हूँ नालायक हूँ,
तुम तो मजबूर ना बैठो,
है ताकत आप में दाता,
है ताकत आप में दाता,
हमें लायक बनाने की,
प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

---

तुम्ही माता पिता मेरे,
तुम्ही साथी सहारे हो,
मैं जैसा भी हूँ तेरा हूँ,
तुम्ही पालक हमारे हो,
करो कोशिश प्रभु थोड़ी,
करो कोशिश प्रभु थोड़ी,
हमसे रिश्ता निभाने की,
प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

---

अधर्मी जानकर मुझसे,
जो रिश्ता ना निभाओगे,
लगाकर ठोकरें दाता,
जो चौखट से हटाओगे,
जरुरत क्या थी फिर मुझको,
जरुरत क्या थी फिर मुझको,
प्रभु दर पे बुलाने की,
प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम्हारे नाम की चर्चा,
श्याम तेरे दर पे लाइ है,
तुमसे दो बातें करने की,
प्रभु हिम्मत जुटाई है,
हंसो ना आज ‘रोमी’ पे,
हंसो ना आज ‘रोमी’ पे,
करो चिंता ज़माने की,
**Bhajan Diary Lyrics,**
प्रभु हमको इजाजत दों,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

---

प्रभु हमको इजाजत दो,
तुमसे नजरे मिलाने की,
तमन्ना है मेरी तुझको,
निगाहों में बसाने की,
प्रभु हमको इजाजत दों,
तुमसे नजरे मिलाने की।bd।

स्वर / रचना – सरदार रोमी जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com